UPSI180010092025

न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) महमूदाबाद, सीतापुर।

दीवानी वाद सं०-121/2025

राजकपूर गुप्ता आदि बनाम कान्ती गुप्ता आदि।

वाद की प्रकृति	**बटवारा एवं स्थायी निषेधाज्ञा**
वाद का मूल्यांकन	**8000/-रुपये**
अधिवक्ता का नाम	**श्री शफीक अहमद कितवई**
वाद प्रस्तुत किये जाने की तिथि	**04.04.2025**

यह वाद-पत्र वादीगण द्वारा वास्ते बटवारा एवं स्थाई निषेधाज्ञा उनके विद्वान अधिवक्ता श्री शफीक अहमद कितवई द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुन्सरिम आख्यानुसार वाद न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत है, तद्नुसार न्यायशुल्क अदा है। अतः वाद मूलवाद के रूप में दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6 ग 2/लिखित उत्तर/विरचन वादबिन्दु दिनाँक-06.05.2025 को पेश हो।

(रंजीत कुमार जायसवाल)
सिविल जज (जू०डि०) महमूदाबाद,
सीतापुर।
J.O.Code-UP3555

<u>निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6 ग 2</u>

वादीगण द्वारा प्रार्थना-पत्र 6 ग 2 मय शपथ पत्र 7 ग 2 अन्तर्गत आदेश 39 नियम 1 सिविल प्रक्रिया संहिता प्रस्तुत कर वादीय मकान व सहन व वादीय द्वितीय प्लाट स्थित मोहल्ला पट्टी कस्बा पैंतेपुर परगना व तहसील महमूदाबाद, जिला सीतापुर पर वादीगण के शान्तिपूर्ण स्वत्व अध्यासन कब्जा व उसकी उपयोगिता में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने से व हस्तक्षेप व कब्जा करके निर्माण व विक्रय करने से प्रतिवादीगण को मना किये जाने की याचना की गयी है।

वादीगण की ओर से अपने कथनों के समर्थन में दस्तावेजी सूची-8 ग 1 से एक किता शिवकुमार गुप्ता का मेडिकल प्रमाण-पत्र (चिकित्सा संबंधी) द्वारा जारी विद्या हॉस्पिटल एंड ऑर्थो सेन्टर सीतापुर रोड महिबुल्लापुर रेलवे स्टेशन मडियांव लखनऊ (यू०पी०) कागज संख्या-9 ग 1 एवं पृथक से चार किता वादीय आधार कार्ड की छायाप्रतियां क्रमशः कागज संख्या-10 ग 1 ता 10 ग 1/4 दाखिल पत्रावली की गयी है।

कार्यालय की आख्यानुसार प्रस्तुत मामले में कैबिएट दाखिल नहीं है।

अतः मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए बिना प्रतिवादीगण को सुने प्रार्थना-पत्र 6 ग 2 पर कोई भी आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं होगा। प्रतिवादीगण को नोटिस दिनाँक-06.05.2025 हेतु जारी हो। वादीगण आवश्यक पैरवी करें। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6 ग 2/लिखित उत्तर/विरचन वादबिन्दु दिनाँक-06.05.2025 को पेश हो।

दिनांकः04.04.2025

(रंजीत कुमार जायसवाल)
सिविल जज (जू०डि०) महमूदाबाद,
सीतापुर।
J.O Code-UP3555

vijay/-

Digitally signed by RANJEET KUMAR JAISWAL
Date: 2025.04.04 17:55:30 IST
Reason: Document Owner
Location: Civil Judge (JD)/J.M. Mahmoodabad
Sitapur.